शुक्रवार 05.06.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के भीमताल में 96 करोड़ 71 लाख रुपये लागत की 13 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने नई टिहरी में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की।
- हरिद्वार में आगामी कांवड़ यात्रा और कुंभ मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस ने उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन। पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश।

मुख्यमंत्री/भीमताल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल जिले के भीमताल में 96 करोड़ 71 लाख रुपये लागत की 13 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये योजनाएं आने वाले समय में जिलावासियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने हिमालय, गंगा और यमुना जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण भावी पीढ़ियों के लिए सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने आज नई टिहरी में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकास परियोजनाओं को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि विकास कार्यों में अगर किसी प्रकार की प्रशासनिक या शासन स्तर की बाधा है, तो उसका शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने आगामी मॉनसून को देखते हुए सभी विभागों को पहले से ही सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इससे पहले, मुख्य सचिव ने बौराड़ी क्षेत्र में स्थित राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय, बौराड़ी स्टेडियम, आंगनबाड़ी केन्द्र ढुंगीधार और श्रीदेव सुमन पुस्तकालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

रिज़र्व बैंक

रिज़र्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में लगातार दूसरी बार मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान प्रमुख ब्याज दरों को यथावत रखा है। द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 5 दशमलव 2–5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया है, जबकि नीतिगत रेपो दर को तटस्थ रखा गया है।

स्थायी जमा सुविधा की दर 5 प्रतिशत पर बनी हुई है, जबकि सीमांत स्थायी सुविधा और बैंक दर 5 दशमलव 5 प्रतिशत ही है। बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को पहले के 6 दशमलव 9 प्रतिशत से घटाकर 6 दशमलव 6 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ने मुद्रास्फीति के अपने पूर्वानुमान को भी 4 दशमलव 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 दशमलव एक प्रतिशत कर दिया है।

पुलिस महानिरीक्षक

पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र, राजीव स्वरुप की अध्यक्षता में आज हरिद्वार में औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने चारधाम यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली यातायात चुनौतियों और आगामी कांवड़ यात्रा तथा कुंभ मेले की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारियों से यातायात प्रबंधन और व्यवस्थापन के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना पर सुझाव आमंत्रित किए। साथ ही आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा तैयार की जा रही योजना में सभी पक्षों के हितों और आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखा जाएगा। बैठक में यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, औद्योगिक गतिविधियों पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने सुझावों के आधार पर समन्वित और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही।

पर्यावरण दिवस प्रदेश

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी क्रम में बागेश्वर में वन विभाग द्वारा बिलखेत क्षेत्र में व्यापक पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया और भागीरथी क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सबकी सतत् जिम्मेदारी है।

वहीं, हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सिडकुल में आयोजित कार्यक्रम में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न कंपनियों और संस्थाओं से जिले को हरा भरा बनाने का आह्वान किया।

पर्यावरण दिवस/राज्यपाल

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नैनीताल स्थित लोक भवन परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का संकल्प नहीं, बल्कि जीवनशैली का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से हरित पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण और जनभागीदारी का आह्वान किया।

प्लास्टिक प्रतिबंध

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने अगले पर्यटन सीजन से पार्क के अंदर प्लास्टिक की पानी की बोतलों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इसके स्थान पर पर्यटकों को कांच की बोतलों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण कम होगा और जंगल का प्राकृतिक वातावरण सुरक्षित रहेगा। इसके तहत पर्यटकों से पानी और कांच की बोतल का शुल्क प्रवेश द्वार पर लिया जाएगा, सफारी पूरी होने के बाद अगर पर्यटक बोतल को सुरक्षित अवस्था में वापस जमा कर देते हैं, तो बोतल की निर्धारित राशि उन्हें लौटा दी जाएगी। इस व्यवस्था से न केवल कांच की बोतलों का पुनः उपयोग संभव होगा, बल्कि पर्यटक भी बोतलों को सुरक्षित रखने के लिए प्रोत्साहित होंगे। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि कॉर्बेट प्रशासन लंबे समय से पार्क क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।